एक नजर में

श्री सांवरिया सेठ की शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब — श्रद्धा और समर्पण से गूंजा पेटलावद नगर

पेटलावद। सनातन धर्म की आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम शुक्रवार को पेटलावद नगर में देखने को मिला, जब श्री सांवरिया सेठ की पवित्र प्रतिमा की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। भक्ति और भाव से ओत-प्रोत यह शोभायात्रा श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव साबित हुई। नगर के परम भक्त दीपक राठौड़, हरिओम राठौड़, हरिश राठौड़ शिवा राठौड सोहन राठौर सुरेश राठौड़ देवेंद्र राठौर राहुल राठौर संजय राठौर नरसिग और उनकी पूरी भक्त मंडली प्रतिमाह भगवान सांवरिया सेठ के दर्शन हेतु मंडफिया धाम जाती है। इस बार भक्तों की अपार भक्ति और उत्साह के चलते मंडफिया से भगवान की एक अद्भुत चित्र प्रतिमा को विधि-विधानपूर्वक पेटलावद लाया गया। नगर प्रवेश के साथ ही शोभायात्रा में जयघोषों का ऐसा वातावरण बना कि हर दिशा में जय सांवरिया सेठ की! की गूंज सुनाई देने लगी ।नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। भक्तों की श्रद्धा देखकर ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वयं भगवान सांवरिया सेठ नगर में पधार कर अपने भक्तों का आशीर्वाद दे रहे हों। शोभायात्रा के पश्चात भगवान की प्रतिमा को लक्ष्मीनारायण मंदिर ले जाया गया, जहां मंदिर के पुजारी पं. कृष्णकांत शुक्ला द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती संपन्न की गई। महाआरती के समय पूरा मंदिर परिसर सांवरिया सेठ की जय के जयकारों से गूंज उठा। भक्ति बाबूलाल हीरा जी राठौड़ द्वारा नोटों की माला लक्ष्मी नारायण भगवान को भेंट की गई .भगवान सांवरिया सेठ, जिन्हें श्रीकृष्ण का रूप भी कहा जाता है, अपने भक्तों के दुख हरने वाले, सौभाग्य और समृद्धि के दाता माने जाते हैं। कहा जाता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से सांवरिया सेठ की शरण में आता है, उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भक्त अपना कोई भी नया कार्य प्रारंभ करने से पहले सांवरिया सेठ की आराधना कर उनकी कृपा प्राप्त करते हैं। व्यापारी, विद्यार्थी, गृहस्थ - सभी अपने जीवन में सफलता और शांति के लिए सांवरिया सेठ का स्मरण करते हैं। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ ज़िले के मंडफिया धाम में स्थित श्री सांवरिया सेठ का मंदिर आज देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन चुका है। कहा जाता है कि यहां आने वाले भक्तों की झोली कभी खाली नहीं लौटती। शोभायात्रा के दौरान हर गली, हर चौक भक्ति रंग में रंगा नजर आया। महिलाएं थालियों में आरती लेकर खड़ी थीं, बच्चे फूल बरसा रहे थे, और युवाओं की टोली सांवरिया सेठ के जयकारे लगाती चल रही थी। भक्तों की भक्ति देखकर ऐसा लगा मानो पेटलावद में 卐नंदलाल卐 स्वयं विराजमान हों। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों ने महाप्रसादी का लाभ लिया और अपने जीवन में शांति, समृद्धि एवं सद्भाव की कामना की। भक्त दीपक राठौड़ ने कहा की हमारे लिए सांवरिया सेठ केवल भगवान नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। उनके भरोसे ही हर कार्य सफल होता है। भक्त हरीश राठौड़ ने कहा की सांवरिया सेठ की कृपा से पेटलावद नगर इन दिनों भक्ति और धर्ममय वातावरण से आलोकित है। श्रद्धालुओं का यही विश्वास है कि जब तक सांवरिया सेठ का नाम नगर में गूंजता रहेगा, तब तक यहां सुख, शांति और समृद्धि बनी रहेगी।

सोयाबीन की खरीदी हुई प्रारंभ

झाबुआ, 24 अक्टूबर 2025। मध्यप्रदेश शासन द्वारा कृषकों के हित में चलाई जा रही भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत आज से सोयाबीन की खरीदी का कार्य जिले की सभी अधिसूचित कृषि उपज मंडी समितियों में प्रारंभ हो गया। शासन द्वारा सोयाबीन के विक्रय हेतु अवधि 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर नेहा मीना के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले की समस्त मंडियों में सोयाबीन खरीदी के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्व से ही सुनिश्चित की गई हैं, ताकि पंजीकृत किसान बिना किसी असुविधा के अपनी उपज का विक्रय कर सकें। कृषि उपज मंडी समिति झाबुआ में भावांतर योजना के शुभारंभ अवसर पर कृषक एवं व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम रूपारेल (विकासखण्ड रामा) के किसान श्री रामसिंह पिता धोलिया परमार द्वारा 5 क्विंटल सोयाबीन विक्रय हेतु मंडी में उपस्थित होकर योजना के अंतर्गत विक्रय की प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। सोयाबीन क्रय हेतु उपस्थित पाँच अधिकृत व्यापारियों राज ट्रेडर्स झाबुआ से अजय पुरोहित, संदीप कुमार लक्ष्मीचंद जैन, अन्नपूर्णा ट्रेडर्स से रविंद्र राठौड़, जयंतीलाल इंदरमल शाह, तथा ऋषि ट्रेडर्स झाबुआ का स्वागत मंडी सचिव नब्बूसिंह मेड़ा, उप संचालक कृषि नगीनसिंह रावत एवं एसडीएम झाबुआ भास्कर गाचले द्वारा पुष्पमालाओं से किया गया। कृषक रामसिंह की उपज की गुणवत्ता के आधार पर बोली प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें राज ट्रेडर्स के श्री अजय पुरोहित द्वारा अंतिम बोली ?4161 प्रति क्विंटल निर्धारित की गई। इसी प्रकार कृषि उपज मंडी समिति थांदला में 04 कृषकों द्वारा कुल 60 क्विंटल तथा पेटलावद, उपमंडी बामनिया एवं सारंगी में 15 कृषकों द्वारा कुल 187 क्विंटल सोयाबीन का विक्रय किया गया।

लाभ पांचम पर श्री चिंतामण गणेश मंदिर पर महाआरती एवं अन्नकूट (भंडारे) का होगा आयोजन

झाबुआ। शहर के थांदला गेट स्थित श्री चिंतागण गणेश मंदिर पर श्री चिंतामण गणेश मंदिर सेवा समिति द्वारा लाभ पांचम के पावन अवसर पर श्री चिंतामण गणेशजी की महाआरती एवं अन्नकूट (भंडारे) का भव्य आयोजन रखा गया है। लाभ पांचम के अवसर पर पूरे मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जाएगी। समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार शहर में प्रथम बार लाभ पांचम के अवसर पर 26 अक्टूबर, रविवार शाम श्री चिंतागण गणेश मंदिर पर भगवान श्री गणेश एवं रिद्धी-सिद्धी माता का विशेष श्रृंगार कर भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा। बाद संध्याकाल 7.30 बजे भगवान की महाआरती की जाएगी।

नव भारत
झाबुआ में अखबार, विज्ञापन व समाचार हेतु संपर्क करें:
बाली न्यूज एजेंसी
(लक्की शर्मा झाबुआ जिला ब्यूरो)
मो. न.- 6260765562, 7470402906
कार्यालय -राजवाडा (झाबुआ)

श्री हनुमान चरित्र कथा आयोजन को लेकर शहर में निकाली निवेदन यात्रा

- दो पहिया वाहनों पर केसरिया ध्वज और जयघोष के साथ यात्रा ने संपूर्ण शहर में किया भ्रमण

झाबुआ। श्री संकट मोचन सेवा समिति हनुमान टेकरी एवं श्री कष्टभंजनदेव भक्त मंडल द्वारा आगामी 27 से 29 अक्टूबर तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय श्री हनुमान चरित्र कथा का आयोजन शहर के लक्ष्मीनगर स्थित अंबा रिसोर्ट पर प्रतिदिन रात 8 से 11 बजे तक किया जाएगा। यह कथा श्री कष्टभंजनदेव सालंगपुर धाम के सुप्रसिद्ध संत हरिप्रकाशदास स्वामीजी के मुखारविन्द से होगी।

कथा के भव्य प्रचार-प्रचार के क्रम में 24 अक्टूबर, शुक्रवार शाम 6.30 बजे से स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से भव्य निवेदन यात्रा निकाली गई। यह यात्रा आगे ढोल-धमाकों के साथ पीछे दो पहिया वाहनों पर सवार होकर बड़ी संख्या में आयोजन समिति के सदस्य और युवाजन भगवान श्रीराम और श्री कष्टभंजनदेव के जयघोष के साथ शामिल हुए। सभी वाहनों पर केसरिया ध्वज लगे होने के साथ पीछे कथा का प्रचार रथ शामिल हुआ। जिसके माध्यम से तीन दिवसीय कथा में शहर के समस्त भक्तजनों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने हेतु भावभरी अपील की गई।

इन मार्गों से होकर निकली यात्रा

निवेदन यात्रा उत्कृष्ट मैदान से आरंभ होकर श्री रामदेव मंदिर परिसर, बस स्टैंड, श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, सिद्धेश्वर कॉलोनी, बुनियादी हाईस्कूल परिसर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, लक्ष्मीनगर कॉलोनी, छोटा तालाब शीतला माता मंदिर परिसर, राजवाड़ा, लक्ष्मीबाई मार्ग, तेलीवाड़ा मौहल्ला, रूनवाल बाजार, राधाकृष्ण मार्ग, श्री राम मंदिर राजवाड़ा, श्री गोवर्धननाथ मंदिर तिराहा, आजाद चौक, मुख्य बाजार, थांदला गेट, अटल कॉम्पलेक्स परिसर, कमल टॉकिज गली, सुभाष मार्ग, महाकालिका माता मंदिर परिसर, बसंत कॉलोनी, सिंचाई कॉलोनी, डीआरपी लाईन तिराहा, ट्राफिक पुलिस गार्डन, रामकृष्ण नगर, गोपाल कॉलोनी, केशव नगर, मालीसेरी गली, भोजमार्ग, कमला नेहरू मार्ग, अंबे माता मंदिर परिसर, कॉलेज रोड होते हुए रात करीब 9 बजे राजवाड़ा पर समापन हुआ।

भावांतर योजना के तहत किसानों को मिलेगा उपज का उचित मूल्य

सांसद ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, कहा : कृषक सम्मान सर्वोपरि

आलीराजपुर । किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और खरीदी व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान ने शुक्रवार को कृषि उपज मंडी परिसर, आलीराजपुर में भावांतर योजना के तहत प्रारंभ हुए खरीदी केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र की व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।सांसद चौहान ने खरीदी केन्द्र पर पहुंचने वाले कृषकों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला भेंट कर स्वागत किया, जिससे किसानों में उल्लास और सम्मान का भाव देखने को मिला। उन्होंने उपस्थित किसानों को भावांतर योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन किसानों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। खरीदी केन्द्रों पर पेयजल, विश्राम स्थल, पर्याप्त पार्किंग, समय पर खरीदी, सटीक तुलवाई और शीघ्र भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सांसद चौहान ने स्पष्ट कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सांसद ने कहा कि, किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, राष्ट्र के विकास के आधार स्तंभ हैं। खरीदी केन्द्र केवल लेनदेन का स्थान नहीं, बल्कि किसान सम्मान का प्रतीक हैं। सभी अधिकारी मिलजुलकर किसानों को लाभ पहुँचाने में अपनी निष्ठा से कार्य करें। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी तपीस पांडे, जिला पंचायत सदस्य श्री भदू जी पचाया, पूर्व मंडी अध्यक्ष श्री आजम सिंह अवास्या, प्रतिनिधि श्रीविंदा गुप्ता, अनाज व्यापारी, कृषि विभाग एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने सांसद श्रीमती चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से खरीदी कार्यों में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित होगी।

तेज आवाज वाले मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ कार्रवाई

आलीराजपुर । जिले में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण और तेज आवाज वाले मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग रोकने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस आलीराजपुर द्वारा कस्बे में व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस दल ने शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण कर उन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जो अपने वाहनों में अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर यातायात व्यवस्था और जन शांति में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान मौके पर ही ऐसे वाहनों से मोडिफाइड साइलेंसर हटवाकर कंपनी के मानक साइलेंसर लगवाए गए। साथ ही 5 मोडिफाइड साइलेंसर जप्त कर चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार के वाहन संशोधन कानूनी अपराध की श्रेणी में आते हैं, क्योंकि वे न केवल ध्वनि प्रदूषण बढ़ाते हैं बल्कि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन भी करते हैं ।यातायात थाना प्रभारी सूबेदार अर्जुन सिंह वास्केल ने बताया कि ऐसे अवैध साइलेंसर और नियम विरुद्ध गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस सख्त और सतर्क है। अभियान के दौरान स्कूली छात्रों को भी जागरूक किया गया, उन्हें हेलमेट लगाने, ड्राइविंग लाइसेंस रखने, और यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। । यातायात अनुशासन ही सुरक्षित समाज की पहचान है। मोडिफाइड साइलेंसर जैसे शोर प्रदूषण फैलाने वाले उपकरणों पर सख्ती जारी रहेगी।

— सूबेदार अर्जुन सिंह
वास्केल, थाना प्रभारी
(यातायात)

आदेश प्रभावशील,उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

आलीराजपुर । जिला प्रशासन ने दीपावली एवं त्योहारी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक सुरक्षा और जन-हित के मद्देनज़र कड़े कदम उठाए हैं। कलेक्टर नीतू माथुर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत अपनी प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले की सीमाओं में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश क्रमांक 1591-92 दिनांक 16 अक्टूबर 2025 में आंशिक संशोधन करते हुए

कलेक्टर ने लोहा, स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखों (कार्बाइड गन) के निर्माण, भंडारण, विक्रय, वितरण, प्रदर्शन और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है ।कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार के प्रतिबंधित पटाखों या विस्फोटक उपकरणों का निर्माण या विक्रय नहीं करेगा। ।उन्होंने बताया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा, और प्रशासन द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से सतत निरीक्षण एवं निगरानी अभियान चलाया जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना, जनहानि या पर्यावरण प्रदूषण से बचा जा सके ।कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाएं तथा प्रतिबंधित पटाखों या कार्बाइड गन जैसी अवैध वस्तुओं का प्रयोग न करें। कलेक्टर माथुर ने कहा — सार्वजनिक सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवैध विस्फोटक सामग्री न केवल खतरनाक है बल्कि कानून का उल्लंघन भी है। प्रशासन इसे लेकर पूरी तरह सतर्क और सख्त है।

एक नजर — पूर्व सांसद निवास पर दीपावली एवं नववर्ष मिलन समारोह का हुआ आयोजन

प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान से देश आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत बना है : पूर्व सांसद डामोर

झाबुआ। शहर के गडवाड़ा स्थित पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर के निवास पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे से दीपावली एवं नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी बचत महोत्सव पर परिचर्चा का आयोजन रखा गया। जिसमें भील महासंघ के मप्र अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद जीएस डामोर ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को देशहित में एक महत्वपूर्व कदम बताया। जिससे देश आर्थिक रूप से काफी सशक्त और मजबूत हुआ है। साथ ही संसदीय क्षेत्र में उनके कार्यकाल में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों से भी अवगत करवाया। पूर्व आईएएस अधिकारी सूरज डामोर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा त्यौहारों के सीजन में आवश्यक सामग्रीयों पर जीएस कटोती कर निर्धन एवं मध्यम वर्ग को महंगाई से बड़ी राहत दी गई है।

समारोह का शुभारंभ अतिथियों में भील महासंघ प्रदेश अध्यक्ष जीएस डामोर, पूर्व आईएएस अधिकारी सूरज डामोर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश शर्मा, जिले के वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रभानसिंह भदोरिया, यशवंतसिंह पंवार, हरिशंकर पंवार, आलोक द्विवेदी आदि द्वारा भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

पश्चात् समारोह में उपस्थित जिले के पत्रकारों का तिलक कर गुलाब का फूल भेंटकर दीपावली एवं नववर्ष की शुभकामनाएं डामोर परिवार की ओर से जीएस डामोर, सूरज डामोर एवं उनके सुपुत्र इंजिनियर वरूण डामोर तथा सुपुत्री युवा शिक्षाविद् अन्नू डामोर ने प्रेषित की। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी योगेन्द्र नाहर एवं पत्रकार राजेन्द्रसिंह सोनगरा का जन्मदिवस होने पर उनका मिठाई खिलाकर एवं पुष्पमालाओं से स्वागत गुमानसिंह डामोर परिवार के साथ भील महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक मनोज अरोरा द्वारा किया गया।

समारोह का संचालन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्रसिंह सोनगरा एवं हरिशंकर पंवार ने बताया कि भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश को नई दशा और दिशा मिली है।

वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रभानसिंह भदोरिया ने बताया कि केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान से निश्चित ही देश में बड़े बदलाव आए है। मेड इन इंडिया और लोकल वॉर वोकल को बढ़ावा मिला है, लेकिन अभी भी जमीनी स्तर पर इस अभियान के तहत कार्य करने की आवश्यकता है।

वरिष्ठ पत्रकार यशवंतसिंह पंवार ने कहा कि जीएस डामोर के पूर्व में रतलाम संसदीय क्षेत्र के सांसद रहते हुए संसदीय क्षेत्र को कई सौगात प्रदान की गई। जिसमें जिले की दो महत्वपूर्ण रेल्वे परियोजनाओं दाहोद-झाबुआ एवं इंदो- छोटा उदयपुर के कार्य को गति मिलने के साथ फोरलेन निर्माण, नेशनल हाईवे पर फूलमाल और माछलिया घाट पर बायपास मार्ग के साथ आलीराजपुर में भी रेल्वे परियोजना की सौगात के साथ कई बड़ी उपलब्धियां जीएस डामोर के संसदीय कार्यकाल के दौरान संसदीय क्षेत्र को प्राप्त हुई है।

विरेन्द्रसिंह राठौर 'भईजी' ने बताया कि भारत देश 70 प्रतिशत कृषि प्रधान है। यदि कृषि के क्षेत्र में उत्पादन सामग्रीयों में यदि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी कटोती एवं दर में कमी की जाती है, जो किसान वर्ग को इसका काफी लाभ प्राप्त होगा। साथ ही भारत से अन्य देशों में आयात-निर्यात होने वाली वस्तुओं के दाम में भी कमी करने की आवश्यकता है। जिला पत्रकार संघअध्यक्ष राजेश सोनी ने सभी को दीपावली एवं नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि ऐसे समारोह से आपसी प्रेम, भाईचारा और स्नेह का भाव पैदा होता है। मुकेश परमार ने भीली भाषा में संबोधित करते सभी का अभिवादन करते हुए 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' एवं जीएसटी बचत महोत्सव को देशहित में सराहनीय कदम बताया।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विश्व गुरू बन रहा

भील महासंघ के मप्र अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद जीएस डामोर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। साथ ही विकास और प्रगति के नित नए आयाम रच रहा है। पूर्व आईएएस अधिकारी सूरज डामोर ने सभी को दीपावाली एवं नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आत्मनिर्भर भारत से देश की आर्थिक प्रगति होने के साथ आवश्यक वस्तुओं पर जीएस कटोती का लाभ आम नागरिकों को सीधे रूप से मिलने की बात कहीं। समारोह को सफल बनाने में विशेष सहयोग भील महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज अरोरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर पाठक, मंडल महामंत्री पपीश पानेरी, मंडल मंत्री स्वीट गोस्वामी, जीएस डामोर के निज सचिव सागरसिंह रावत आदि ने प्रदान किया। समारोह के अंत में सभी के लिए सहभोज का आयोजन किया गया एवं सभी को डामोर परिवार की ओर से दीपावली एवं नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उपहार भी भेंट किए गए।